B.E.S.T. Group Of Schools, Saudi Arabia

Class: 3 Worksheet-B

Subject: Hindi

Examination: Evaluation-1(2018)

नीचे दिए गए अपठित गद्यांश को पढ़कर दिए गए प्रश्नों उत्तर लिखिए ।

किसी तालाब में एक कछुआ रहता था। तालाब के पास गुफ़ा में रहने वाली एक लोमड़ी से उसकी दोस्ती हो गई। एक दिन वे तालाब के किनारे गपशप कर रहे थे कि एक शेर वहाँ आया। दोनों अपने-अपने घर की ओर जान बचाकर भागे। लोमड़ी तो सरपट दौड़कर अपनी गुफ़ा में पहुँच गई पर कछुआ अपनी धीमी चाल के कारण तालाब तक नहीं पहुँच सका। शेर एक छलाँग में उस तक पहुँच गया।

प्रश्न(क) - कछुआ कहाँ रहता था ?

प्रश्न(ख) - कछुए की दोस्ती किससे हो गई ?

प्रश्न(ग) - एक दिन तालाब के किनारे कौन आया ?

प्रश्न(घ) - लोमड़ी सरपट दौड़कर कहाँ पहुँच गई ?

प्रश्न(ङ) - कछुआ किस कारण तालाब तक नहीं पहुँच सका ?

प्रश्न 2. नीचे दिए गए शब्दों मे से संज्ञा , सर्वनाम और विशेषण शब्दों को छाँटकर लिखिए ।

रवि , अहमद, मैं ,तुम ,ठंडा , सुन्दर, गन्दी, लाल , आगरा , तुम , ताजमहल, हमारा, आम , इनकी, लम्बी, जादुई

संज्ञा -

सर्वनाम –

विशेषण –